nwda.gov.in

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

प्रधानमंत्री मोदी 25 दिसम्बर को खजुराहो में करेंगे केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन

ब्यूरो पन्ना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 दिसम्बर को छतरपुर जिले के खजुराहो स्थित मेला ग्राउण्ड परिसर से महत्वाकांक्षी केन-बेतवा राष्ट्रीय लिंक परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। इस संबंध में आवश्यक तैयारियों के दृष्टिगत शुक्रवार को सायं बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबंधित अधिकारियों से संवाद कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता से विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश भी समीक्षा बैठक में दिए। इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन उमा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व की केन-बेतवा लिंक परियोजना के भूमिपूजन के लिए निर्धारित कार्ययोजना अनुसार समय पर समस्त आवश्यक कार्यवाही व प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। परियोजना से लाभांवित होने वाले ग्रामों के लोगों को परियोजना के लाभ के बारे में अवगत कराने के साथ ही 20 से 25 दिसम्बर तक निरंतर वृहद स्तर पर जनजागरण अभियान भी संचालित किया जाए।